RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 12 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 240 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®
खबरें बे-रोकटोक

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी में मतभेद...**



Page - 3

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में 14 दिसंबर तक हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार...

**ऐसी हो सकती है नई कैबिनेट**

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई वाली सरकार में अब सभी की निगाहें मंत्रिमंडल के विस्तार पर पर टिकी हैं. बीजेपी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक आगामी 14 दिसंबर तक कैबिनेट विस्तार होने की संभावना है. प्रदेश मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सेत अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी है कि बुधवार 11 दिसंबर को सीएम देवेंद्र फडणवीस दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां वो मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देंगे.



बीजेपी नेता का कहना है कि सीएम बनने के बाद फडणवीस पहली बार दिल्ली गए हैं ये उनका पहला दिल्ली दौरा है. इस दौरान वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात करेंगे. नेता का कहना है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना को गृह विभाग नहीं मिलेगा और राजस्व विभाग भी उसे दिए जाने की संभावना नहीं है. उन्होंने बताया कि बातचीत में देरी इसलिए हो रही है क्योंकि तीन पार्टियां (महायुति के सहयोगी भाजपा, शिवसेना और एनसीपी) इसमें शामिल हैं.

**14 दिसंबर तक मंत्रिमंडल विस्तार**

नेता ने बताया कि मंत्रिमंडल विस्तार 14 दिसंबर तक हो सकता है. उन्होंने ये भी बताया कि बीजेपी के मुख्यमंत्री समेत 21 -22 मंत्री पद रखने की संभावना है. वहीं चार-पांच मंत्री पद खाली रखे जा सकते हैं. वहीं बताया जा रहा है कि शिवसेना के 12-13 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई जा सकती है.

**शिवसेना के 12-13 विधायक बन सकते हैं मंत्री**

उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के कार्यालय ने बताया कि शिंदे दिल्ली यात्रा नहीं कर रहे हैं. इससे पहले खबर थी शिंदे गृह मंत्रालय की मांग कर रहे हैं, हालांकि बीजेपी इसे हर हाल में अपने पास रखना चाहती है. बताया जा रहा है कि शिंदे के जो नेता सरकार में मंत्री बन सकते हैं उनमें गुलाबराव पाटिल, उदय सामंत, विजय शिवतारे, शंभुराज देसाई, तानाजी सावंत, दीपक केसरकर, भरतशेठ गोगावले, संजय शिरसाट, प्रताप सरनाईक, अर्जुन खोतकर और दादा भुसे का नाम शामिल है.


**230 सीटों पर महायुति ने दर्ज की जीत**

विधानसभा चुनाव में महायुति के प्रदर्शन की बात करें तो सूबे की 288 में 230 सीटों पर महायुति ने शानदार जीत हासिल की है. इसके बाद भव्य समारोह में देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. वहीं एनसीपी प्रमुख अजित पवार और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री पद की शपद ली. अब सभी की नजर मंत्रिमंडल पर है. जिसकी तस्वीर जल्द ही साफ हो जाएगी.

# महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी संजय पांडे की मुश्किलें बढ़ीं...

**महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी संजय पांडे समेत कई लोग हैं आरोपी मुंबई के व्यवसायी संजय पुनमिया ने दर्ज कराया है मुकदमा**

**ठाणे** : महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी संजय पांडे ने ठाणे में उनके और छह अन्य के खिलाफ दर्ज जबरन वसूली के मामले में बुधवार को अपना बयान दर्ज कराया। वह तीन घंटे तक अपराध शाखा कार्यालय में रहे अपराध शाखा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि संजय पांडे सुबह वागले एस्टेट इलाके में अपराध शाखा कार्यालय गए थे, जहां उनका बयान दर्ज हुआ। मुंबई के व्यवसायी संजय पुनमिया द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर 26 अगस्त, 2024 को ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। उनके खिलाफ एमवीए सरकार के कार्यकाल के दौरान दो एफआईआर दर्ज की गई थीं, जब पांडे पहले डीजीपी और फिर मुंबई पुलिस आयुक्त थे। शिकायत में



पुनमिया ने दावा किया है कि मई 2021 से 30 जून 2024 के बीच आरोपियों के हाथों उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सेवानिवृत्त डीजीपी के अलावा, एफआईआर में पूर्व एसीपी सरदार पाटिल, इंस्पेक्टर मनोहर पाटिल, अधिवक्ता शेखर जगताप, बिल्डर श्यामसुंदर अग्रवाल और दो अन्य- शुभम अग्रवाल और शरद अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है।

शिकायत के अनुसार, आरोपी ठाणे नगर पुलिस में दर्ज 2016 के एक अपराध मामले की जांच में अवैध रूप से शामिल थे। उन्होंने शिकायतकर्ता और अन्य व्यापारियों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी, पैसे ऐंठे और फर्जी दस्तावेज तैयार किए। जबकि (उनमें से एक) अदालतों को गुमराह करने के लिए विशेष लोक अभियोजक के रूप में पेश हुआ। एफआईआर में पुरानी आईपीसी की कई धाराओं के तहत आरोप सूचीबद्ध हैं। इनमें जबरन वसूली, आपराधिक साजिश और झूठे सबूत, आपराधिक धमकी, लोक सेवक का रूप धारण करना, झूठे बयान देना और न्याय में बाधा डालना, हमला, जालसाजी और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करना आदि शामिल हैं। अपराध शाखा ने अभी तक किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया है।

# महाराष्ट्र कांग्रेस चीफ नाना पटोले बोले 'भारतीय लोकतंत्र भी खतरे में... अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रही चर्चा'

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने बुधवार को भारत के लोकतंत्र की तुलना पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका से करते हुए दावा किया कि देश में लोकतंत्र खतरे में है और इस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा हो रही है. पटोले ने नागपुर में मीडिया से बात करते हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाया और कहा कि सोलापुर जिले के मरकडवाडी गांव में एक ''जन आंदोलन'' आकार ले रहा है, जहां निवासियों ने ईवीएम पर संदेह जताया और वे मतपत्रों का उपयोग करके ''पुनर्मतदान'' कराना चाहते हैं. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई शहरों और गांवों में लोगों ने भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के महायुति गठबंधन की जीत और उसके बाद सरकार गठन पर भी संदेह जताया है. पटोले ने मतपत्रों का उपयोग करके ''पुनः चुनाव'' कराने की योजना को लेकर कई ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस द्वारा दर्ज किए गए मामले का जिक्र करते हुए सरकार पर मरकडवाडी के लोगों की आवाज दबाने का आरोप लगाया.



**बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग**

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ग्राम सभाएं मतपत्रों के जरिये चुनाव कराने की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित कर रही हैं. पटोले ने साकोली सीट पर मात्र 208 मतों के अंतर से जीत हासिल की. उन्होंने कहा, ''पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका में लोकतंत्र खतरे में है. अब चिंता जताई जा रही है कि भारतीय लोकतंत्र भी खतरे में है और इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो रही है. '' पटोले ने कहा, ''इसलिए हम निर्वाचन आयोग से लोगों की इच्छा के अनुसार चुनाव कराने का अनुरोध कर रहे हैं.'' यह पूछे जाने पर कि क्या उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार विधानसभा में शपथ लेने के बाद वे अपने भाषणों के जरिए अपनी-अपनी पार्टियों को बीजेपी के नजदीक दिखाने की कोशिश कर रहे थे, पटोले ने कहा, ''वे (शिंदे और पवार) अभी बीजेपी को नहीं जानते हैं. अब, वे धीरे-धीरे चीजों को समझ जाएंगे... वे खुशी से रहें.''

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड योजना

**सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड को नवंबर 2015 में पेश किया गया था। इस समाचार पत्र में प्रकाशित एक खबर के मुताबिक अब उन्हें बंद किया जाने वाला है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में 18,500 करोड़ रुपये के गोल्ड बॉन्ड जारी करने की बात बजट में कही थी। लेकिन, अब तक उसने इन्हें जारी नहीं किया है। गोल्ड बॉन्ड आठ साल में परिपक्व होते हैं और उनके परिपक्वता मूल्य पर 2.5 फीसदी वार्षिक ब्याज दिया जाता है। उन्हें सोने की मौजूदा दर पर भी भुनाया जा सकता है। वे सरकारी खजाने पर भारी पड़ रहे हैं और चूंकि ये अपने मूल लक्ष्य में कामयाब नहीं हो रहे, इसलिए उन्हें बंद किया जाना स्वागतयोग्य होगा। इन्हें इस बात का उदाहरण माना जाना चाहिए कि कैसे एक नीतिगत उपाय का इस्तेमाल अलग-अलग समस्या हल करने के लिए किया जाना खतरनाक हो सकता है।**

**जब उन्हें पेश किया गया था तब उम्मीद की गई थी कि वे कई काम करेंगे। मसलन वे सोने की मांग को नियंत्रित करेंगे जो भारत में हमेशा से ऊंची रही है, वे पारिवारिक बचत वित्तीय तंत्र में पहुंचाने का एक और रास्ता सुझाएंगे, वे सरकारी खजाने में इजाफा करेंगे, भारत भुगतान संतुलन संकट से उबरा ही है और ऐसे में वे सोने का आयात कम करेंगे। इस संकट में सोने के भारी भरकम आयात पर होने वाले खर्च का बड़ा हाथ था। ऐसा नहीं लगता है कि इस बात पर विचार भी किया गया कि इनमें से किसी एक लक्ष्य में मिली कामयाबी दूसरे के लिए नुकसानदेह हो सकती है। न ही विनिमय दर जोखिम या जिंस कीमतों के जोखिम का सही अनुमान लगाया गया। वास्तव में 2015 से अब तक सोने की कीमतों में जो इजाफा हुआ है उसने सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड को काफी आकर्षक बना दिया। वार्षिक चक्रवृद्धि दर के अनुसार सोने की कीमतों में 2011 से 11 फीसदी का इजाफा हुआ है। जब इसमें 2.5 फीसदी की ब्याज दर को शामिल कर दिया जाता है तो प्रभावी सीएजीआर 13 फीसदी से अधिक हो जाती है। इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि इन बॉन्ड को पूंजीगत लाभ कर से भी रियायत दी गई। यह बात भी ऐसे समय में सरकार की बजट की कवायद को मुश्किल बनाने वाली है जब वह अपना राजकोषीय घाटा कम करने का प्रयास कर रही है। इतना ही नहीं रकम हासिल करने के स्त्रोत के रूप में भी यह नियमित बॉन्ड बाजार से महंगा है। यह धारणा गलत साबित हुई कि सरकार भारतीयों की सोने की ललक का इस्तेमाल ऋण पर अपना खर्च कम करने में कर लेगी।**

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# डेढ़ लाख बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता - फडणवीस



**मुंबई:** महाराष्ट्र की कमान हाथ में आने के साथ ही मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एक्शन मोड में आ गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार की भविष्य की योजनाओं का खुलासा करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी सरकार की प्राथमिकता होगी। राज्य में सरकारी के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने योग्य योजनाओं को लागू करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए सरकार ने जरूरी निर्देश दे दिए हैं।

सरकार 1.5 लाख नौकरियां जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कृतसंकल्प है। साथ ही डोमेन ज्ञान और प्रौद्योगिकी अपनाने पर ध्यान केंद्रित करने वाले नए भर्ती कविताओं और मौजूदा कर्मचारियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पुराने सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति की प्रक्रिया को पहले पूरा करें। बाद में रिक्त हुए जगहों पर नई नियुक्ति शुरू करें।

नई नियुक्ति और मौजूदा कर्मचारियों के डोमेन ज्ञान व तकनीकी ज्ञान की निर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने वाला सर्वसमावेशक प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करें। सरकारी कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला-स्तरीय समन्वय तंत्र को मजबूत करें। सरकारी कर्मचारियों को फील्ड में अधिक समय देना होगा। सचिवों के दौरों का विस्तृत कार्यक्रम तैयार करें।

**स्वीकृत परियोजनाओं से सवा लाख रोजगार**

इस मौके पर राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि बीते 8 महीनों में स्वीकृत परियोजनाओं से 3.3 लाख करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष निवेश महाराष्ट्र में आया है। उन्होंने विधानसभा में अपने भाषण में कहा, इससे 1.2 लाख नौकरियां पैदा होंगी। सरकार ने सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस और रक्षा, रसायन और पॉलिमर, लिथियम आयरन बैटरी और स्टील जैसी हाई-टेक परियोजनाओं को ह्यएंकर उद्योगह्न का दर्जा देने की नीति दी है। इससे लोगों के लिए रोजगार पैदा होगा।

**मुंबई डेटा सेंटर राजधानी है**

राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आगे कहते हैं, ह्यसरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी और प्रौद्योगिकी सक्षम सेवा नीति और ग्रीन डाटा सेंटर नीति की घोषणा की है, जिसका लक्ष्य मुंबई को भारत की डेटा सेंटर राजधानी बनाना है। इस रणनीति के हिस्से के रूप में मुंबई और नई मुंबई में हरित एकीकृत डेटा सेंटर पार्क स्थापित किए जाएंगे। इससे 1 लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा और 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

# साढ़े चार लाख की बिजली चोरी का पर्दाफाश... दो पर मामला दर्ज




**भिवंडी** : भिवंडी शहर और आसपास के इलाकों में बिजली वितरण और बिल वसूली का जिम्मा संभालने वाली टोरेंट पावर कंपनी ने बिजली चोरी के खिलाफ अपनी सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए एक बड़ी चोरी का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में करीब 4,58,444 रुपए की बिजली चोरी का मामला उजागर हुआ है। पुलिस के अनुसार, कोटर गेट काप कणेरी इलाके में रहने वाले अंसारी मोहम्मद अजहर मोहम्मद अधर और अबुजर मोहम्मद आजर अंसारी ने मिलकर अवैध तरीके से बिजली चोरी की योजना बनाई। दोनों ने अपने घर के पास स्थित टोरेंट पावर कंपनी के मिनी सेक्शन पिलर से केबल जोड़कर बिजली मीटर को बायपास कर दिया।

# दो साल में बेस्ट बस दुर्घटना में 62 लोगों की हुई मौत, 143 जख्मी हुए, 247 दुर्घटनाएं हुईं...




**मुंबई** : रेलवे के बाद दूसरी लाइफ लाइन कही जाने वाली बेस्ट उपक्रम से पिछले दो सालों में कुल 247 दुर्घटनाओं में 62 लोगों की जान गई, जबकि 143 जख्मी हुए हैं। बेस्ट में दुर्घटना होने का प्रमाण पिछले कुछ सालों में जब से भाड़े पर बस लेकर यात्रियों को सुविधा देने की शुरूआत हुई तभी से दुर्घटना का प्रमाण बढ़ा है। बता दें कि बेस्ट बस से पिछले दो सालों में कुल 247 दुर्घटनाएं हुई हैं, इन दुर्घटनाओं में 62 लोगों की मौत हो चुकी है। यह दुर्घटना वर्ष 2022-23 के दौरान हुई है। इस दुर्घटनाओं में 143 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। मृतकों में पैदल यात्री, बाइक सवार और मोटर चालक शामिल हैं। बेस्ट बसों के बढ़ते दुर्घटनाओं से बेस्ट बसों में सफर करना कितना सुरक्षित है इस पर सवाल खड़ा किया जाने लगा है। मुंबई में हर दिन 35 लाख यात्री बेस्ट से यात्रा करते हैं। अभी तक सुरक्षित यात्रा के लिए लोग बेस्ट बस को प्राथमिकता देते रहे हैं। दो नवंबर 2021 को बेस्ट की तेजस्वी बस ने दादर टीटी खोदाद सर्कल पर सिग्नल पर खड़े एक डंपर को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और 8 लोग घायल हो गए, जिसमें ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। इसी तरह 11 अगस्त 2021 को भांडुप में बेस्ट बस की इलेक्ट्रिक कैब से टक्कर हो गई। इस हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई थी और दो घायल हुए थे। 22 जून 2023 को गिरगांव में बेस्ट बस से हुई दुर्घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। ऐसे में एक निश्चित समय के बाद होने वाले हादसों में राहगीरों व यात्रियों की जान जा रही है। पिछले एक साल में बेस्ट बस से कुल 158 दुर्घटना हुई जिसमें 41 लोगों की मौत हुई है। जबकि 141 लोग घायल हुए हैं। बेस्ट बेड़े में कुल 7212 बस ड्राइवर और 7423 बस कंडक्टर हैं। भाड़े पर ली गई बसों के लिए 6563 बस ड्राइवर और 2340 कंडक्टर हैं।

# कुर्ला में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद महाराष्ट्र सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित



**मुंबई** : कुर्ला में हुए दर्दनाक बस हादसे के बाद महाराष्ट्र सरकार ने मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति गठित की है। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। यह दुर्घटना बीते मंगलवार 10 दिसंबर को कुर्ला इलाके में हुई, जब एक बस ने संतुलन खो दिया और तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

आपको बता दें कि हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। उससे दुर्घटना को लेकर पूछताछ की जा रही है। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई है। हलांकि सूचना के बाद मौके पर पुलिस, दमकल विभाग, एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई हैं। कुर्ला में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) एल. वार्ड के पास यह दुर्घटना बस के ब्रेक में गड़बड़ी होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि वेस्ट बस के चालक ने मार्ग संख्या 332 पर वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और बस पैदल यात्रियों एवं कुछ वाहनों से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम की बस एक आवासीय सोसायटी के टकराकर रुक गई। इस दुर्घटना में 7 लोगों की मौत हो गई और 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। उन्होंने बताया कि घायलों का इलाज पास के भाभा अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस कुर्ला रेलवे स्टेशन से अंधेरी जा रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। मुंबई पुलिस ने हादसे के बाद बस के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई के दमकल विभाग के मुताबिक, यह बस दुर्घटना रात 9 बजकर 50 बजे हुई। कुर्ला के भाभा अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ अब्दुल ने बताया कि 17 घायलों को अस्पताल लाया गया। हादसा उस समय हुआ जब बस सवारियां लेकर घाटकोपर से कुर्ला जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार काफी तेज थी और ड्राइवर ने अचानक नियंत्रण खो दिया।

# नवी मुंबई आरटीओ को 98 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ

## नवी मुंबईकरों के बीच इंपोर्टेड कारों का क्रेज बढ़ा...



**नवी मुंबई :** नवी मुंबईकरों के बीच देशी- विदेशी कंपनियों की महंगी कारों के साथ-साथ इंपोर्टेड कारों और दोपहिया वाहनों का क्रेज बढ़ गया है। इसलिए नवी मुंबई की सड़कों पर अलग-अलग मॉडल के आकर्षक दोपहिया और चार पहिया वाहन घूमते नजर आते हैं। जनवरी से अक्टूबर तक पिछले दस महीनों में नवी मुंबई में 77 इंपोर्टेड कारों और 26 दोपहिया वाहनों ने शहर में इंटरी किया है। इन वाहनों के रजिस्ट्रेशन से नवी मुंबई आरटीओ को 98 करोड़ 20 लाख 62 हजार 792 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। नवी मुंबई की सड़कों पर स्थानीय और विदेशी निर्मित कारें दौड़ती नजर आती हैं। महंगी और इम्पोर्टेड कारें आजकल स्टेटस सिंबल बन गई हैं। तो इस कार के लिए महंगे कीमत चुकानी पड़ती है। नवी मुंबई की सड़कों पर ये आकर्षक कारें नागरिकों का ध्यान खींच रही हैं। सुनियोजित नवी मुंबई के युवाओं में महंगे इंपोर्टेड दोपहिया वाहनों का क्रेज साफ दिख रहा है। पिछले दस महीनों में नवी मुंबई आरटीओ कार्यालय में 26 इंपोर्टेड दोपहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। कुछ ने अपनी बाइक को अन्य आरटीओ कार्यालयों में रजिस्ट्रेशन कराया है और उन्हें नवी मुंबई में लाकर सवारी करते नजर आ रहे हैं।

98 करोड़ 20 लाख राजस्व इंपोर्टेड वाहनों की कीमत की तुलना में इन वाहनों पर लाखों रुपए टैक्स देना पड़ता है। इन वाहनों के रजिस्ट्रेशन से नवी मुंबई आरटीओ को 98 करोड़ 20 लाख 62 हजार 792 रुपये का राजस्व भी प्राप्त हुआ है। शहर के उद्योगपतियों के यहां विभिन्न मॉडलों की इंपोर्टेड कारें देखी जा रही हैं। इसमें बिल्डर, राजनीतिक दलों के नेता, कारखाने के मालिक आदि शामिल हैं।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी में मतभेद



**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में शर्मनाक हार के बाद शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में तालमेल गड़बड़ाने लगा है। इस मुश्किल घड़ी में एकजुट होकर सत्ताधारियों से लड़ने की बजाय एमवीए के घटक दलों के बीच आपस में ही रस्साकशी और पराजय को लेकर आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गया है। कुछ ऐसा ही विधानसभा में विपक्ष के नेता के मामले में भी देखने को मिल रहा है। पर्याप्त संख्याबल नहीं होने के बावजूद शिवसेना (यूबीटी) के बाद कांग्रेस ने भी इस पद पर अपना दावा ठोक दिया है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी नीत महायुति को ऐतिहासिक जीत मिली है। विस चुनाव में 288 विधानसभा सीटों में 132 सीटें जीतकर बीजेपी राज्य की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। तो वहीं बीजेपी की सहयोगी शिवसेना (शिंदे गुट) 57 और एनसीपी 41 सीटें जीतकर क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर रही है। इस तरह से महायुति के विधायकों की संख्या 230 तक पहुंच गई है। दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन मविआ में शामिल शिवसेना (यूबीटी) को सर्वाधिक 20 जबकि कांग्रेस को 16 और राकां शरदचंद्र पवार को महज 10 सीटों पर ही जीत मिली है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के 2 विधायक जीते हैं। लेकिन पूरा विपक्षी खेमा 50 सीटों तक भी नहीं पहुंच पाया।

नियमतः विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद पर वही पार्टी दावा ठोक सकती है, जिसके पास विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 288 की 10 फीसदी संख्या के बराबर अर्थात कम से कम 29 विधायक हो। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर विपक्ष की किसी भी सियासी पार्टी के पास विपक्ष के नेता पद पर दावा ठोकने भर के लिए पर्याप्त विधायक नहीं है। ऐसे में पूरा विपक्ष मिलकर किसी एक विधायक को विपक्ष का नेता बनाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष से करेगा, ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं। इस बीच विपक्ष के नेता के चुनाव से संबंधित नियम और कानून की जानकारी के लिए शिवसेना (यूबीटी) के केंद्रीय कार्यालय ने विधानमंडल के प्रमुख सचिव को एक पत्र दिया है। तो वहीं शिवसेना (यूबीटी) के नेता भास्कर जाधव का दावा है कि विपक्ष का नेता चुनने के लिए 10 प्रतिशत विधायकों की अनिवार्यता जैसा कोई नियम नहीं है।

# बांद्रा में जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन फूटी

## लाखों लीटर पानी बहा, लोगों को हुई पानी की समस्या



**मुंबई :** बांद्रा पश्चिम में लकी होटल के पास सोमवार की आधी रात लगभग दो बजे के दरम्यान जलापूर्ति करने वाली 600 मिमी व्यास की पाइप लाइन फुट गई। पाइप लाइन फूटने से लाखों लीटर पानी सड़क के उपर बहा, जि- ससे बांद्रा सहित खार परिसर में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की आधी रात लगभग दो बजे स्वामी विवेकानंद रोड पर लकी जंक्शन पर पास जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन फूट गई। जिससे बांद्रा पश्चिम के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद रही, जबकि कुछ इलाकों में धीमी गति से पानी सप्लाई हुई। मनपा जल विभाग की ओर से कहा गया की मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद जलापूर्ति पूरी तरह बहाल कर दिया जाएगा।

# ठाणे में 58 इमारतों पर चलेगा बुलडोजर...



**ठाणे :** ठाणे में एक नागरिक निकाय ने निर्माण और पंजीकरण में अनियमितताओं के कारण 58 इमारतों को ध्वस्त करने का अभियान चलाया। कल्याण डोंबिवली नगर निगम ने एक विज्ञप्ति में बताया कि यह अभियान बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश को मानते हुए चलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि इमारतों को ध्वस्त करने का अभियान अगले तीन महीनों में समाप्त होगा। 58 इमारतों में से छह को ध्वस्त कर दिया गया है, जबकि चार को आंशिक रूप से ध्वस्त किया गया है। इन इमारतों में लगभग 6,500 लोग रह रहे थे, और कई लोगों ने आरोप लगाया है कि बिल्डरों ने उन्हें यह विश्वास दिलाने में धोखा दिया था कि संपत्तियां वैध थीं।

# टोल मुक्ति की घोषणा के बाद अटल सेतु के गुजरने वाले वाहनों की संख्या में कमी



**मुंबईः** महाराष्ट्र के मुंबई में हल्के वाहनों को टोल मुक्त करने और नवंबर में हुई सार्वजनिक छुट्टियों का असर अटल सेतु से गुजरने वाले वाहनों की संख्या पर पड़ा है। अक्टूबर की तुलना में नवंबर में अटल सेतु से गुजरने वाले वाहनों की संख्या में करीब 31 हजार की कमी आई है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के अनुसार, नवंबर में अटल सेतु से कुल 6.69 लाख गाड़ियां गुजरी है, जबकि अक्टूबर में 7.07 लाख गाड़ियां और सितंबर में 7.14 लाख गाड़ियां अटल सेतु से गुजरी थी।

मुंबई से नवी मुंबई के दूरी कम करने के लिए समुद्र पर देश का सबसे लंबा 22 किमी लंबा ब्रिज तैयार किया गया है। जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अटल सेतु का उद्घाटन किया था। वोटरों को आकर्षित करने के लिए विधानसभा चुनाव के ठीक पहले सरकार ने मुंबई के सभी टोल नाकों पर हल्के वाहनों (कार) को टोल मुक्त कर दिया था। कार को टोल मुक्त करने का असर समुद्र पर बने देश के सबसे लंबे ब्रिज पर पड़ा है। टोल मुक्ति की घोषणा के बाद अटल सेतु के गुजरने वाले वाहनों की संख्या में कमी आने लगी है।

**अटल सेतु से गुजरने पर वाहनों को देना पड़ता है टोल**

नवी मुंबई से मुंबई तक पहुंचने के लिए ज्यादातर वाहन वाशी या ऐरोली टोल नाके से गुजरते थे। इन जगहों पर अब टोल नहीं लगता, जिससे वाहन चालक अब अटल सेतु की जगह इन रास्तों को प्रमुखता देने लगे हैं। गौरतलब है कि अटल सेतु से गुजरने पर वाहनों को 200 रुपये टोल देना पड़ता है।

**क्या कहते हैं ट्रैफिक एक्सपर्ट**

ट्रैफिक एक्सपर्ट के अनुसार, मोटर चालक आमतौर पर उन मार्गों को चुनते हैं, जो अधिक किफायती होते हैं। ऐरोली और वाशी टोल नाके पर कारों के लिए टोल मुक्त होने से यह मार्ग चालकों को आकर्षित कर रहा है। वहीं, एमएमआरडीए वाहनों की संख्या में आई कमी के लिए नवंबर में हुई सार्वजनिक छुट्टियों को मान रहा है। अटल सेतु से भारी वहनों की तुलना में हल्के वाहनों की आवाजाही अधिक होती है।

# मुंबई के मानखुर्द इलाके में जुए के लिए पैसे नहीं देने पर पति ने की पत्नी की हत्या!




**मुंबई :** ट्रॉम्बे पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में पकड़ा है। यह विवाद जुए के लिए पैसे मांगने पर हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि पति ने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस के अनुसा- र, मृतक की पहचान 55 वर्षीय सुरेखा सरस्ते के रूप में हुई है। उसकी हत्या उसके पति अमोल पवार (36) ने पूर्वी मुंबई के मानखुर्द इलाके में स्थित अपने घर में कथित तौर पर गला घोंटकर की।

ट्रॉम्बे पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पवार हमेशा शराब पीने या जुए के लिए पैसे मांगता था। 29 नवंबर को उसने पत्न ी की गला घोंटकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। जब उनका बेटा घर में दाखिल हुआ तो उसने पत्न ी को बेहोशी की हालत में पाया। उसे अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# धनशोधन मामले में ईडी के समक्ष दूसरे दिन पेश हुई अभिनेत्री गहना वशिष्ठ

**मुंबईः** धनशोधन मामले में जांच का सामना कर रही अभिनेत्री गहना वशिष्ठ ने दूसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश होने के बाद कहा कि मुझे कल फिर आने के लिए कहा गया है।

उन्होंने (ईडी) कहा कि वे सुबह मुझे फोन करके पुष्टि करेंगे। आज उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या हॉटशॉट एप के लोगों ने मुझसे संपर्क किया था या मैंने उनसे संपर्क किया था। मैंने बताया कि उन्होंने मुझसे कई बार संपर्क किया था और मुझे इसमें कोई रुचि नहीं थी। उन्होंने जो हॉटशॉट एप बनाया, उसकी सामग्री बहुत बोल्ड थी और मुझे वह ठीक नहीं लगा था।

# परिवार वालों ने आरोप शव के कान की सोने की बालियां गायब

**मुंबई:** कुर्ला इलाके में सोमवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. यहां बेस्ट की 332 नंबर की एक बस बेकाबू होकर कई गाड़ियों और करीब 30 लोगों को कुचलते हुए दीवार में जा घुसी. इस हादसे में 7 लोग मारे गए, इनमें मुंबई निवासी कनीज अंसारी भी शामिल थी. उनके परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि जब कनीज का शव नगर निकाय द्वारा संचालित कुर्ला स्थित भाभा अस्पताल में भेजा गया, तो उसके कान की सोने की बालियां गायब थीं.

परिवार वालों ने यह भी आरोप लगाया कि, जब कनीज का शव पोस्टमार्टम के लिए नगर निकाय द्वारा संचालित राजावाड़ी अस्पताल ले जाया जा रहा था. तो उनसे ताबूत, दवाइयों और एम्बुलेंस का शुल्क वसूला गया. अंसारी एक रिश्तेदार ने कहा हमने एम्बुलेंस के लिए 900 रुपये दिए, हमें कोई सुविधा नहीं मिली. कनीज अंसारी (55) के दामाद आबिद शेख ने बताया, मेरी सास अंजुम इस्लाम स्कूल के सामने



स्थित देसाई अस्पताल में आया के रूप में काम करती थीं. वह आमतौर पर रात आठ बजे के आसपास अपने कार्यस्थल के लिए घर से निकलती थीं, लेकिन सोमवार को वह रात 9 बजे के आसपास निकलीं.

शेख ने बताया, वह देसाई अस्पताल के बाहर खड़ी थी, तभी अचानक एक बस ने उन्हें टक्कर मार दी. वह एक वाहन और बेस्ट बस के बीच फंस गई थी. हमें उनके मोबाइल फोन से किसी ने फोन करके तुरंत भाभा अस्पताल जाने को कहा.

**अंसारी के खान से गायब थी सोने की बालियां**

उन्होंने आगे बताया कि जब कनीज अंसारी को सरकारी अस्पताल लाया गया तो उनकी सोने की बालियां उनके कानों में थीं. शेख ने कहा, हालांकि जब हमने अस्पताल में दूसरी बार शव देखा तो उनकी बालियां गायब थीं. हमने शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ अस्पताल के डीन को भी इस बारे में बताया, लेकिन उन्होंने हमें पंचनामा (सत्यापन और मूल्यांकन कार्य) होने तक इंतजार करने को कहा.

**कुर्ला बस हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत**

बता दें कि बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम की एक अनियंत्रित बस ने सोमवार रात कुर्ला (पश्चिम) में एसजी बारवे रोड पर पैदल यात्रियों और वाहनों को टक्कर मार दी. इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए.

## एनसीसी परेड के दौरान शिक्षक की मौत



**नागपुर** : शहर के सैन्य छावनी क्षेत्र में मंगलवार सुबह राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) परेड के दौरान एक शिक्षक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान उत्तरी महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के पग्गन निवासी गणेश भामैया कोंकणी (49) के रूप में की। ओल्ड कैम्पटी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने कहा कि कोंकणी एक शिक्षक थे जो एनसीसी शिविर के लिए छात्रों के साथ नागपुर आए थे। पुलिस ने कारण बताए बिना बताया कि वह सुबह करीब साढ़े छह बजे एनसीसी परेड के दौरान बेहोश हो गए और उन्हें कैम्पटी के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मां पर हमला करने और मेहनत की कमाई चुराने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**नवी मुंबई:** एक व्यक्ति को अपनी 65 वर्षीय मां पर हमला करने और पिछले महीने जिस आश्रम में वह काम कर रही थी, वहां से उसकी मेहनत की कमाई चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। मां पर हमला करने और उसकी बचत चुराने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार आरोपी दीपक धर्मवीर सोबती, 35, अपनी मां प्रेमलता सोबती और अपनी दो बहनों के साथ रह रहा था। परिवार वाशी स्थित श्री आनंदपुर आश्रम में रहता था, जहां वे केयरटेकर के रूप में भी काम करते थे।

पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को करीब 2 बजे दीपक ने अपनी मां से आश्रम का दरवाजा खोलने के लिए कहा। जब उसने उसे अंदर जाने दिया, तो उसने कथित तौर पर उस पर शारीरिक हमला करना शुरू कर दिया



और जबरन लकड़ी की अलमारी में हाथ डाला, जहां उसने अपनी बचत रखी थी। फिर उसने अपने साथ 5.5 लाख रुपये नकद और उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। ''जाते समय उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। यह उसके लिए आखिरी झटका था। जांच अधिकारी निवास शिंदे ने बताया कि जब प्रेमलता ने वाशी पुलिस स्टेशन में अपने बेटे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, तो वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

उसने स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया था। अधिकारी ने बताया कि दीपक को आश्रम में रहने वाले लोगों द्वारा अपने परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने के लिए जाना जाता था। उसने चोरी की गई अधिकांश धनराशि को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया था। एपीएमसी मार्केट में उसकी गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उसके पास से 1.5 लाख रुपये नकद जब्त किए थे, जिसे उसने नया मोबाइल फोन खरीदने के लिए रखा था। वाशी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 309 (4) (डकैती), 351 (आपराधिक धमकी), 352 (जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया है। दीपक को अदालत ले जाया गया, जहां उसे दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## मुंबई/ ग्रांट रोड के सिल्वर थिएटर में लगी आग



**मुंबई:** मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में एक सिल्वर थिएटर में आग की घटना सामने आई है। थिएटर में धीरे-धीरे आग इतनी बढ़ गई कि उसकी लपटें आसमान तक जाती दिखी। इस घटना से पूरे इलाके अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

कुछ लोग थिएटर के बाहर लोगों को बचाने के लिए शोर मचा रहे थे, जिसके बाद सभी को जल्दी-जल्दी थिएटर से बाहर निकाल लिया गया और दमकल विभाग को इस बात की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 5 गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। काफी देर बड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया गया।

**घायल होने की सूचना नहीं**

मुंबई के ग्रांट रोड में स्थित सिल्वर होटल में लगी आग के बाद सभी को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। इस कारण किसी के भी हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। फायर ब्रिगेड की तत्परता से धीरे-धीरे आग पर काबू पा लिया गया और समय रहते आग बूझा ली गई।

## मुंबई में सोने की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़, 19.6 करोड़ रुपये का सामान जब्त!



**मुंबई:** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई में सोने की तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 19.6 करोड़ रुपये का सोना, चांदी और नकदी जब्त की है। इसके अलावा, रैकेट के मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर मुंबई में तीन संबंधित स्थानों पर तलाशी ली। तलाशी के दौरान, उन्होंने पाया कि तस्करी के सोने को पिघलाने के लिए सोने की निकासी और शोधन सुविधा का इस्तेमाल किया जा रहा था। तलाशी अभियान में 23.92 किलोग्राम सोने की छड़ें और पिघला हुआ सोना, विदेशी चिह्न वाला सोना, 37 किलोग्राम चांदी और 5.40 लाख रुपये नकद बरामद हुए। उन्होंने बताया कि श्रमिकों और सहायकों के बयान दर्ज करने के बाद सिंडिकेट के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, जब्त किया गया सोना तस्करी करके लाया गया प्रतीत होता है, क्योंकि मास्टरमाइंड सोने के स्रोत के बारे में नहीं बता सका और न ही उसने कोई दस्तावेजी रिकॉर्ड बनाए रखा।

## मुंबई में अवैध रूप से रह रहे तीन बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई:** मुंबई पुलिस ने मायानगरी में अवैध रूप से रहने के आरोप में एक महिला समेत तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कार्रवाई समता नगर और डीबी मार्ग पुलिस थाने के कर्मचारियों ने की।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान मोहम्मद रोबिउल मोयाज्जम हुसैन आलम और मोहम्मद रिदॉय हुसैन मियां और पिंकी उर्फ शिरीन मोनिरुजान मोनिर शेख के रूप में की गई।




तीनों शहर में किसी नौकरी की तलाश में थे। अधिकारी ने कहा, जांच से पता चला कि वे अपने देश में गरीबी और बेरोजगारी के कारण बांग्लादेश से भागकर भारत आए थे। गिरफ्तार आरोपियों को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## बीड जिले में सरपंच की अपहरण कर हत्या

**बीड** : महाराष्ट्र के बीड जिले में कुछ लोगों ने मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर हत्या कर दी, जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे बीड के मस्साजोग गांव में प्रदर्शनकारियों में शामिल हुए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जारांगे ने चेतावनी दी कि अगर हत्यारों को छोड़ दिया गया तो मराठा समुदाय के सदस्य कानून अपने हाथ में ले लेंगे। पुलिस ने कहा कि देशमुख की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी उम्र करीब 30 साल के बीच थी।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com